## जय जय श्रीराम के जय घोष के बीच माना हनुमान जी का जन्मोत्सव, क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में दिनभर होते रहे आयोजन

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर से गूंजा जामसांवली मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

श्री हनुमान जयंती पर क्षेत्र के प्रसिद्ध चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सांवली के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के श्रीराम और हनुमान मंदिरों में भी दिनभर हनुमान भक्तों का ताता लगा रहा। हनुमान जयंती पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से मंदिर परिसर को फुल आकर्षक लाइटिंग भगवा पताकाओ के साथ में सजाया गया थामंगलवार को हनुमान जयंती पर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र के शहरों से भी भक्तों ने उपस्थित होकर पूजा अर्चना भगवान श्री का अभिषेक किया।

हनुमान जयंती पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी एवं सौसर प्रशासन की ओर से भक्तों के लिए सुरक्षा पार्किंग पेयजल महाप्रसाद आदि की व्यवस्था बनाई गई थी। इस दौरान सोमवार की रात्रि से ही छिंदवाड़ा सिवनी परासिया आदि क्षेत्र से पदयात्रा करते हुए हनुमान भक्त जामसावली में आगमन होना शुरू हो गया था। हनुमान मंदिर में प्रातःहुई आरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर भगवान श्री दर्शन किया। साथ मंदिर कमेटी की ओर से श्री हनुमानजी जयंती महारूद्राभिषेक भी किया गया।



### नगर क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में हुआ आयोजन

नगर के हनुमान मंदिर नदि पार वार्ड क्रमांक 8 में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई इस दौरान सुबह मंदिर में अभिषेक एवं आरती संपन्न हुई है। सिविल लाईन हनुमान मंदिर में जयंती अवसर पर भजन कार्यक्रम के साथ में रात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया बाल हनुमान मंदिर बेलगांव में मंदिर कमेटी की ओर से सुबह अभिषेक पूजन, चोला श्रृंगार, आरती, अखंड रामाण पाठ तथा महाप्रसाद का वितरण हुआ। इसके साथ ही पुलिस थाना परिसर में बने हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी मित्र मंडली की ओर से भव्य महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। दौरान हजारों की ताकत में हनुमान भक्तों ने महाप्रसाद कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद का पुण्यलाभ लिया।

### पदयात्रियों के लिए जगह-जगह पर लगे भंडारे मंडप

जामसांवली मंदिर पहुंचने वाले पद यात्रियों के लिए सामाजिक धार्मिक स्वयं से भी संस्थाओं की ओर से नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर जगह-जगह पर पेयजल महाप्रसाद स्वल्पाहार बैठक आदि की व्यवस्थाएं बनाई गई थी।सोमवार की रात्रि दिनभर छिंदवाड़ा परासिया अमरवाड़ा सिवनी की ओर से आए पद यात्रियों का जगह-जगह पर स्वागत सत्कार के साथ समिति पदाधिकारी की ओर से सेवा की गई। गायत्री जिनिंग के सामने भीम महाप्रसाद का वितरण किया गया।



### श्री संकट मोचन हनुमान जी का मनाया जन्मोत्सव

**जुन्नारदेव।** ग्राम करमोहिनी बंधी के बस स्टॉप समीप संकट मोचन हनुमान मंदिर और हमारे हनुमान तीन पुलिया मंदिर मे हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है इस साल हनुमान जयंती 23 अप्रैल यानी आज है कहते हैं कि हनुमान जयंती पर शक्तिशाली स्मृति का पाठ करना चाहिए जो जीवन को सफल बना देती है प्रतिबर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत करमोहींनी बंधी मे हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया आज 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत करमोहिनी बंधी के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रात से श्री हनुमान जी का जन्म जयंती अभिषेक हवन पूजन एवं आरती हुई ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया इसके अतिरिक्त श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में दिनभर श्री राम नाम जाप एवं सुंदरकांड का पाठ किया।

## नकुलनाथ ने सिद्ध सिमरिया धाम में टेका माथा, की पूजा अर्चना, अभिषेक



**छिन्दवाड़ाः-** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर मारुति नंदन सेवा समिति सिद्ध सिमरिया धाम के तत्वावधान में भव्य आयोजन हुये जिनमें हनुमान भक्त नकुलनाथ भी सम्मिलित हुये। वीर हनुमान की भक्ति में लीन हुये सांसद नकुलनाथ ने सर्वप्रथम छोटी बाजार स्थित नगर शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तत्पश्चात भगवान श्रीराम राम व हनुमान जी महाराज के श्री चरणों में माथा टेककर सर्वकल्याण के लिये प्रार्थना की। चौबे बाबा की पूजा अर्चना के उपरांत श्रीराम मंदिर परिसर में संगीत रामायण मंडल की ओर से सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसमें सम्मिलित होकर मंजिरों को थाप दी। नगर के छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में गदा पूजन कर जय श्रीराम के जयकारे के साथ नकुलनाथ ने गदा उठाकर अपने कांधे पर रखा। पश्चात सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचे सांसद नकुलनाथ ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की आराधना कर गर्भगृह में विराजमान समस्त देवी-देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना की। अजर-अमर रामभक्त अष्ट सिद्धी नौ निधि के दाता परमवीर श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर धर्मानुरागी सांसद नकुलनाथ ने पूजा अर्चना कर सिमरिया धाम में गदा चढ़ाया। अभिषेक कर हवन में पूर्ण आहुति डालकर सभी के स्वास्थ्य जीवन, निरोगी काया व उन्नति की कामना की। अपने संसदीय क्षेत्र, प्रदेश व देश के लिये सुख, शांति व समृद्धि मांगी। उन्होंने किसानों के लिये सम्पन्नता व युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिये हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की। मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वावधान में सिद्ध सिमरिया धाम मंदिर परिसर में आयोजित सुंदरकांड ग्रुप के द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। क्षेत्र के भजन मंडलों के द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई साथ ही अन्य सम्पूर्ण धार्मिक आयोजनों में धर्मानुरागी सांसद नकुलनाथ सम्मिलित हुये। नकुलनाथ ने स्वयं व पूर्व सीएम श्री कमलनाथ की ओर से उपस्थित हनुमान भक्तों व संसदीय क्षेत्र के परिवारजनों को भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनायें दी। सिमरिया धाम में हवन-पूजन के उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने प्रसादी गृहण की। आयोजित कार्यक्रमों में मारुति नंदन सेवा समिति के सदस्यों ने सम्पूर्ण व्यवस्थायें बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## करंट लगने से वैशाली साड़ी सेंटर के संचालकों की मौत

### जनरेटर चालू करने के दौरान हुआ हादसा, मृतक दोनों सगे भाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में मंगलवार को बुधवारी बाजार स्थित वैशाली साड़ी सेंटर के संचालकों की जनरेटर चालू करते समय करंट लगने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुलाबरा निवासी वैशाली साड़ी सेंटर के दो सगे भाई शंकर घोघरे और मनोहर घोघरे दुकान में बिजली गुल होने के कारण जनरेटर चालू करने गए थे लेकिन वे करंट चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करंट लगने की खबर आते ही परिजनों और आसपास के दुकानदारों के बीच खलबली मच गई। दोनों को तुरंत ही जिला चिकित्सालय ले लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शंकर और मनोहर दोनों ही सगे भाई इस दुकान के संचालक थे और बच्चू भाई वाली गली में इनकी दुकान थी। यह हादसा तब घटा जब अचानक बिजली, पानी वाले मौसम के बाद शहर की बिजली गुल हो गई थी और जनरेटर चालू करने के दौरान दोनों ही भाई करंट की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक हादसे की खबर लगते ही इस हादसे ने एक पूरे परिवार को तबाह करके रख दिया। बीच बाजार में मौत के इस खेल से चित परिचितों में मातम छा गया। इस हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दुकान के पड़ोसियों ने लाइट गुल होने को घटना का जिम्मेदार माना है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने देखी स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान के बाद छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री खत्री द्वारा आज भी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर और पुलिस के अधिकारियों के साथ शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा पहुंचकर विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूमों और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार चांद भी उपस्थित थे।

## लापरवाही पर तीन को कारण बताओ नोटिस

### कलेक्टर सिंह ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह मंगलवार को जिले के अनुभाग जुन्नारदेव पहुंचे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के ओ.पी.डी. कक्ष, मेडिसिन स्टोर रूम, एक्स-रे कक्ष, डाटा एंट्री कक्ष सहित सभी कक्षों और जनरल वार्ड, मेटरनिटी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड सहित पूरे परिसर का मुआयना किया और लापरवाही पर 3 अधिकारी/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि स्टोर रूम और ऑफिस को व्यवस्थित करें। पूरा परिसर साफ स्वच्छ रहे, जहां कहीं सफाई की आवश्यकता हो, तत्काल कराएं। मेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने डाटा एंट्री ऑपरेटर्स के लिए सुविधाजनक चेयर्स की व्यवस्था करने और सभी हाई रिस्क गर्भवती माताओं की गूगल शीट में एंट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। एंट्री रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की एंट्री में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और बी.पी.एम. संजय सिरसवे और कंप्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश विश्वकर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।मरीजों से चर्चा कर फीडबैक लिए- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती और उपचार के लिए आए मरीजों से भी चर्चा की और मिल रहे उपचार व स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जुन्नारदेव एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर, तहसीलदार श्रीमती प्रीति पटेल, बी.एम.ओ. डॉ.रविन्द्र बाथम सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्य केंद्र का स्टॉफ उपस्थित था।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं में प्रवेश के लिये 28 अप्रैल को होगी परीक्षा

**छिन्दवाड़ा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा आगामी 28 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए आगामी 28 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे तक प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम ने बताया कि संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य भोपाल संभाग कार्यालय से जबलपुर संभाग के परीक्षार्थियों के लिये आगामी 23 अप्रैल 2024 को प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट वितरित की जायेगी और संभाग स्तर से छिंदवाड़ा जिले के परिक्षार्थियों के लिये 26 अप्रैल 2024 को प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट वितरित किये जायेंगे । जिले के परीक्षा केन्द्रों से 29 अप्रैल 2024 को संभाग स्तर पर प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट संकलित की जायेगी और संकलित प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट 30 अप्रैल 2024 को संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य भोपाल संभाग कार्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी । उन्होंने बताया कि एमपीटास पोर्टल पर आगामी 15 मई 2024 को विद्यार्थियों के विद्यालय प्रवेश की सूची जारी की जायेगी और चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटन सूची के अनुसार 16 मई 2024 से विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी । उन्होंने बताया कि सभी कार्यवाहियां आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत की जाएगी।



### अमृत्या ने पांचवी में 96.2% अंक प्राप्त कर बनाया सर्वोच्च स्थान

**छिंदवाड़ा।** प्राथमिक बोर्ड परीक्षा में अमरवाड़ा की होनहार छात्र। कुमारी अमृत्या ने कक्षा पांचवी में कुल 400 अंकों में से 385 अंक ,96. 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता, A+ प्राप्त कर अपनी शाला, ब्राइट कैरियर स्कूल के साथ, अमरवाड़ा नगर का नाम रोशन किया। यह होनहार बिटिया अमित कुमार जैन अध्यक्ष तारण तरण दिगंबर जैन अमरवाड़ा (प्राचार्य सुरला खापा) की सुपुत्री है अपनी सफलता का श्रेय उसने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### ग्लोबल स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में दिया शत प्रतिशत रिजल्ट

**परासिया :-** परासिया के ग्लोबल इनोवेशन स्कूल ने पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है । कक्षा आठवीं की तस्लीम कौसर शेख ने 92% और नाज़नीन बानो ने 91.5% अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की । इसके अलावा पांचवी और आठवीं कक्षा के सभी छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । स्कूल की संचालिका मंजू ओमप्रकाश जोशी और राधा कन्हैया राजलानी ने इस उपलब्धि पर स्कूल के समस्त स्टाफ सहित छात्रों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## नशा पीड़ितों के लिए विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये आदेश के परिपालन में जिले में 22 से 26 अप्रैल 2024 तक नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के अंतर्गत विशेष नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नशामुक्ति के संबंध में जागरूकता के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गनिर्देशन में आज सोनी कम्प्यूटर गुलाबरा छिंदवाड़ा में नशा पीड़तिों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर संपन्न हुआ। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े, सामाजिक कार्यकर्ता श्री श्यामल राव और संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकायें व विद्यार्थीगण उपस्थित थे। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री ठाकुर ने शिविर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम और नशा पीड़तिों के लिए विधिक सहायता योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे से पीड़ति व्यक्ति को नशे की आदत से मुक्त कराने के लिये नशामुक्ति केन्द्र में प्रवेश दिलाया जा सकता है और उसके आश्रितों के पुनर्वास के लिये शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकता है। इसके लिये हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिये जिससे समाज नशे से मुक्त हो सके।

### 5वीं-8वीं का रिजल्ट के बाद एमपी बोर्ड के रिजल्ट के लिए डीपीआई ने जारी की लिंक

## आज शाम 4 बजे जारी होगा एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश में 10वीं और 12वीं का रिजल्ट कल घोषित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने रिजल्ट की लिंक जारी किया है। परिणाम कल 24 अप्रैल को सायं 4 बजे से देखे जा सकते हैं माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसे लेकर जानकारी दी है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट https://mpresults.nic.in , https://mpbse.mponline.gov.in , https://mpbse.nic.in पर घर पर ही देख सकते है। इसके अलावा स्टूडेंट्स माशिमं के MPBSE MOBILE APP पर भी रिजल्ट देख सकते है।




विभाग ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। विभाग ने इन परीक्षाओं के घोषित होने जा रहे परिणामों के संदर्भ में विशेष संदेश में कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट मे। सफलता और असफलता परिस्थितियों पर निर्भर करती है। जो विद्यार्थी असफल रहे हैं, वे बिल्कुल चिंता न करें। आपको सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अवसर मिलते हैं। हताश या निराश नहीं होना है। विभाग ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता और असफलता में सम रहना है। कहा भी गया है कि, “क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, कर्त्तव्य पथ पर जो मिला, वह भी सही यह भी सही।” विभाग ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता-असफलता को सामान्य मानते हुए यह सोचे कि असफल हुए तो अगली बार गंभीरता से प्रयास कर के सफल होंगे। कोई तात्कालिक कारण और परिस्थितियाँ होती हैं, जिसकी वजह से हम अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने एक योजना प्रारंभ की थी, “रूक जाना नहीं”। यह योजना विद्यार्थियों को पुनः तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान करती है। असफल विद्यार्थी यह न माने कि साल व्यर्थ चला गया। उनका साल खराब नहीं होगा। जून में फिर परीक्षा दे सकेंगे। विभाग ने कामना की कि ऐसे विद्यार्थी अगली बार अच्छी कोशिश करके जरूर सफल हो जाएंगे।

### 5 वीं 8 वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जारी


प्रदेश भर में आयोजित 5वीं 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम आज मंगलवार 23 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे जारी किया जा रहा है राज्य शिक्षा केन्द्र सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पांचवीं के 12 लाख से अधिक और आठवीं के 11 लाख से अधिक बच्चों सहित लगभग 24 लाख बच्चे सम्मिलित हुए थे प्रारंभिक स्तर पर बोर्ड पैटर्न परीक्षा का आयोजन करने वाला अग्रणी राज्य है मध्यप्रदेश है। कल अपरांह 12:30 से निम्न लिंक पर विद्यार्थी अपना रोल नंबर अथवा समग्र आई डी डालकर देख सकेंगे परीक्षा परिणाम।

## खनिज विभाग के संरक्षण में चल रहा खेल, नहीं लग रही किसी तरह की कोई लगाम

# क्रेशर संचालक रॉयल्टी की जगह गेट पास से करवा रहा है गिट्टी परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया






तामिया तहसील की ग्राम पंचायत बिजोरी, पांडू पिपरिया साजकुही, जैतपुर ,खनिज विभाग को पंचायतों में खनिज विभाग से क्रेशर संचालकों को शर्तों के आधार पर लीज मिली है।जिसका खुलेआम उल्लंघन ये क्रशर संचालक करते चलेआ रहे है।, जिसमें इन्हें नियम के अनुसार क्रेशर से धूल उड़कर ना जा पाए उसमें पानी सीचने जैसी व्यवस्था करनी है। वही साथ ही गिट्टी खोदने की जो अनुमति मिली है। उस मापदंड के विपरीत मनमाने तरीके से ब्लास्टिंगकर रहे हैं ,क्रेशर के आजू-बाजू के पेयजल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं।ऐसा सिर्फ इसलिए है ,कि खनिज विभाग केअधिकारी खनिजनिरीक्षक जिनको खनिज नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी के लिए शासन ने तैनात कर रखा है। लेकिन वह खनिज नियमों का पालन करवाने के बजाय उल्लंघन करवाने में ज्यादा विश्वास रखते हैं क्योंकि उसमें उन्हें आर्थिक लाभ जो है।इसी ,चंद रूपों के आर्थिक लाभ के कारण क्रेशर संचालक खनिज नियम का उल्लंघन करने के साथ-साथ रॉयल्टी की चोरी भी खुलेआम कर रहे हैं प्रतिदिन इन क्रशरों से दर्जनों ट्रक गिट्टी का परिवहन किया जाता है। जिससे शासन को ,राजस्व की हानि होती चली आ रही है। खनिज विभाग के मिले ईसी संरक्षण के नतीजन अब यह रॉयल्टी पर्ची की जगह गेट पास को खुलेआम,गिट्टी खरीदने वाले वाहन को देते हैं। इनका यह गेट पास अब रॉयल्टी का दर्जा प्राप्त कर चुका है ।इससे सिद्ध होता है ।कि खनिज विभाग का इन्हें खुला संरक्षण है। नहीं तो क्रशर संचालकों क्या विशात की रॉयल्टी की जगह गेट पास से गिट्टी ले जा सके। वही पुलिस एवं राजस्व विभाग । कभी इन वाहनों की रॉयल्टी चेक करने की जहमत नहीं उठाता। उन्हें भी क्रेशर संचालकों से मंथली मिलने की चर्चा है। और यह उन क्रशरों से गिट्टी ले जाने वाले ट्रको के चालक खुलेआम कहते ।। कि हमारे मालिक सबको पैसे देकर खुश करते । इसीलिए आज तक ना तो विभाग यदी कभी इन गिट्टी परिवहन करने वाले ट्रैकों की जांच करें। यदि किसी प्रकार की कोई बात आती है। तो वह खनिज विभाग का मामला बतलाकर पलला झाड़ लेते हैं।इस तरह तामिया तहसील के क्रेशर संचालक मनमाना उत्खनन कर अब गेट पास को रॉयल्टी का दर्जा देकर खनिज विभाग,की मिली भगत से खुलेआम चोरी- करने का मामला इन दिनो देखने मिल रहा है।


## कलेक्टर-एसपी ने लिया स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान के बाद छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री खत्री द्वारा आज भी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर और पुलिस के अधिकारियों के साथ शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा पहुंचकर विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूमों और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार चांद भी उपस्थित थे।

# एमएसडब्ल्यू उत्तीर्ण की अंक सूची मिलते खिल उठे चहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जन अभियान परिषद के माध्यम से सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम से समाज सेवा में स्नातकोत्तर (एमएसडब्ल्यू)का कोर्स कर रहे विद्यार्थियों के चहरे पर इस समय खुशी के झलक उठी जन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, शिक्षा विद परामर्शदाता विनोद तिवारी,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू के हस्ते सभी को एमएसडब्ल्यू के प्रीवियस क्लास की उत्तीर्ण का अंक सूची प्राप्त हुई ।अवसर था जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की क्लास शहर के मध्य स्थित परासिया रोड छिंदवाड़ा स्थित आई .पी.एस.कॉलेज में संचालित है क्लास में सभी एमएसडब्ल्यू में अध्यनरत फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को एमएसडब्ल्यू प्रीवियस क्लास की अंकसूची देते हुए उन्हें इसी तरह समाजसेवी कार्यों को अपने अध्यन के दौरान अपनी प्रयोग शाला ग्रामों में करने की बार जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कही उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद युवाओं में नेतृत्व क्षमता के गुणों के साथ उनके व्यक्तित्व का कर रहा विकास । परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की समाजसेवा में स्नातक एवम स्नातकोत्तर में परीक्षा उत्तीर्ण करने पर डिग्री तो मिलेगी ही साथ ही फील्ड का नालेज ताउम्र काम आयेगे किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका ज्ञान समग्र हो जायेगा।

मैटर्स श्रीमती लता नागले ने कहा की आपको शासन स्तर पर शिक्षा विदो के द्वारा तैयार किया गया पाठ्यक्रम जीवन के सफलता के लिए हर पड़ाव में काम आएगा।आज आपने जो प्रायोगिक कार्य किया है उससे आपने नेतृत्व क्षमता के साथ साथ आपका व्यक्तित्व विकास भी

## विश्व पृथ्वी दिवस पर ईको क्लब के बच्चो ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय हरित कोर योजना के अंतर्गत संचालित ईको क्लब द्वारा जिले के स्कूलों एवम महाविद्यालयो में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एपको के माध्यम से किया गया जिसने जिले के 30स्कूलों एवम कॉलेजों में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जी एस बघेल एवम एन जी सी के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए जिसमे नेचर ट्रेल प्रकृति भ्रमण,पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यशालाएं ,विभिन्न पर्यावरण पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है ।इसी श्रंखला में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी में ईको क्लब के पर्यावरण मित्रो के द्वारा पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसने सभी इको क्लब के बच्चो ने पर्यावरण संरक्षण के उपाय जाने एवम पालीथिन को पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बताया।विषय विशेषज्ञ ईको क्लब के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारी धरती माता को प्रदूषण मुक्त करना है तो स्वच्छता अपनाना होगा ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर उसका श्रगार करना होगा पालीथिन का उपयोग पूरी तरह से बंद करना होगा साथ ही प्रकृति के अनुरूप अपना व्यवहार करना होगा तभी हमारी वसुंधरा प्रदूषण मुक्त हो सकती है।इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अभिषेक विश्वकर्मा, श्रीमती उमा उईके,सहित समस्त विद्यालय स्टाप उपस्थित था। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वच्छता अभियान के तहत परिसर की साफ सफाई की।

## कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले के सभी अधिकारियों को मिलकर शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए कार्य करना है। सभी अधिकारी एक-एक स्कूल को अनिवार्य रूप से गोद लें और समय-समय पर वहां पहुंचकर विद्यार्थियों और शिक्षकों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन करें। जहां कहीं भी कमियां मिलें, मेरे संज्ञान में लाएं। इसी तरह स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास का अमला फील्ड में प्रोएक्टिव होकर गर्भवती माताओं और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य करें। जिस तरह जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए जिला मुख्यालय के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार भी अपने-अपने क्षेत्र के सिविल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण सुनिश्चित करते हुए, प्रति सप्ताह प्रतिवेदन दें। जिले के अस्पतालों में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा और सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदाय करने में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ए.एन.एम., सेक्टर सुपरवाइजर के फील्ड में रेगुलर नहीं जाने की शिकायतें मिल रहीं हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ये सभी फील्ड में सक्रिय रहकर कार्य करें, आगे इस तरह की शिकायत मिली या लापरवाही सामने आई तो संबंधित के विरुध्द सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के साथ ही विभिन्न वरिष्ठ कार्यालयों और आयोग से प्राप्त पत्रों का निराकरण समय सीमा में करते हुए समय पर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत में ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर जिले के सभी अधिकारियों और पूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी और धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### ग्लोबल स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में दिया शत प्रतिशत रिजल्ट

**परासिया :** परासिया के ग्लोबल इनोवेशन स्कूल ने पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है । कक्षा आठवीं की तस्लीम कौसर शेख ने 92% और नाज़नीन बानो ने 91.5% अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की । इसके अलावा पांचवी और आठवीं कक्षा के सभी छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । स्कूल की संचालिका मंजू ओमप्रकाश जोशी और राधा कन्हैया राजलानी ने इस उपलब्धि पर स्कूल के समस्त स्टाफ सहित छात्रों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## कक्षा 5 वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

### शत प्रतिशत रहा उड़ान स्कूल का रिजल्ट, सभी छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



हरिभूमि न्यूज लांजी। मध्य प्रदेश बोर्ड ने आज कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों का परिणाम जारी कर दिया है। परिणाम 12.30 बजे से छात्रों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हो चुका है। छात्र/अभिभावक मध्य प्रदेश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट आरएसकेएमपी पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। वहीं लांजी नगर के उड़ान सेवन हैबिट्स स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने अभिभावको और स्कूल का नाम रौशन किया है। इस संबंध मे जानकारी अनुसार 8 वी मे इकरार सालेहा 85 प्रतिशत व 5 वी मे भावी बागड़े 78प्रतिशत के टाप पर रहे। वहीं कक्षा 5वी में द्वितीय स्थान पर किशोरी मिश्रा 71 प्रतिशत, मोहतशीम कुरैशी 66. 75 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान पर रही। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उड़ान सेवन हैबिट्स स्कूल के प्रधानाचार्य मो. रफीक शेख, श्रीमती शमीम अख्तर कादरी, कु. पायल महोबिया, सविता गर्ग ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते

### जयश्रीराम और वीर बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान हुई धर्मनगरी लांजी

## सिद्धपीठों और मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई संकटमोचन भगवान हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मंगलवार को धर्मनगरी लांजी में प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त, संकटमोचन भगवान हनुमान की जयंती बड़े ही धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माथा टेका व हनुमान जी का गुणगान किया। मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को हनुमान जयंती के रूप में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि हनुमान जी की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन पर आए संकटों का नाश होता है। आज हनुमान जयंती के अवसर पर लांजी नगर के सालेटेकरी रोड पर स्थित श्री कोटेश्वर मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोटेश्वर मंदिर के पंडित उदित गोस्वामी ने बताया कि प्रातःसवा छह बजे मंदिर में बजरंगबली का का भव्य दरबार सजाया गया। मंदिर में ग्राम तथा नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सुबह 6.15 बजे से दोपहर 12 बजे तक महाप्रसाद वितरण किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का आगमन शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। यहां श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को बूंदी के लड्डू तथा चूरमे का भोग लगाया व हनुमान जी का गुणगान किया। इसी के साथ लांजी नगर में स्थित पुराने राम मंदिर, नए राम मंदिर लंजकाई माता मंदिर, काली मंदिर एवं ग्राम दुल्लापुर बालाघाट रोड पर स्थित हनुमान मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में पहुंचकर हनुमानजी को चोला चढ़ाकर हनुमान चालीसा पाठ कर हनुमान जी की आरती कर पूजन अर्चना किया गया।

### रक्तदान के लिए नागरिकों को जागरुक करने निकाली बाईक रैली

## संत निरंकारी फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का कासपुर में आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कासपुर के माता टोला में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हैं। इस आयोजन में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए रक्तदान कर्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से 22 अप्रैल की शाम को निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा नगर में विशाल बाईक रैली निकाली गई।

यह बाईक रैली शासकीय चिकित्सालय से निकल कर जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक, आंबेडकर चौक, गोलीबार चौक, गॉधी चौक, दुर्गा मंदिर चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड, एसडीएम कार्यालय के सामने से होते हुए दीनदयाल चौक, सविता टॉकीज से वापस दीनदयाल चौक होकर शासकीय चिकित्सालय में पहुॅची। जहॉ पर बाईक रैली का समापन किया गया। इस बाईक रैली के दौरान निरंकारियों द्वारा रक्तदान के प्रति नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए रक्तदान महादान के नारे भी लगाए गए।

इस संबंध में निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन वारासिवनी के पदाधिकारी हरीराम तनवानी ने बताया कि बाबा गुरु वचन सिंह जी महाराज की स्मृति में मानव एकता दिवस मनाया जाता हैं। इस संदर्भ में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में 24 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन कासपुर मे सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसके लिए जागरूकता रैली 22 अप्रैल को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी से शाम साढ़े 5 बजे से निकाली गई। जिसमें सैकड़ों निरंकारियों ने भाग लिया। फाउंडेशन के सदस्यों ने सर्वसमाज के लोगों से अपील की हैं कि इस रक्तदान शिविर में पीड़ित मानव हित में बढ़ चढ़ कर रक्तदान करें।

### विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग

## महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के को-ऑर्डिनेशन में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित था।

दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस के संयोजक डॉ0 दौलतराम ग्वालवंशी (सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र) द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं द्वितीय दिवस कार्यक्रम संयोजक डॉ0 राकेश चौरे (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र) द्वारा विज्ञान दिवस कार्यक्रम पर स्वागत स्पीच दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन प्रभारी डॉ0 मिथलेश्वरी घोरमारे विभागाध्यक्ष गणित विभाग रहे।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करने तथा विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से क्विज, पोस्टर, विज्ञान मॉडल, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम पर प्रथम विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 सतीश चिले सेवानिवृत्त प्राध्यापक (वनस्पिति शास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी द्वारा जैव विविधता एवं इसके महत्व पर प्रभावी जानकारी प्रस्तुत की गयी। दूसरे विशेषज्ञ डॉ0 दुर्गेश अगासे सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट द्वारा विज्ञान उपकरणों पर ज्ञानवर्धक जानकारी विद्यार्थियों को दी गयी। कार्यक्रम में तीसरे विशेषज्ञ के रूप में गोलू परते सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र शासकीय महाविद्यालय लॉंजी द्वारा रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में उपयोग में आने वाले उपकरणों के सिंद्धॉंत व उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र, शील्ड एवं मेडल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### 84 वर्षीय राजकुमारी सोनी का स्वर्गवास

**वारासिवनी।** नगर के प्रसिद्ध सराफा व्यापारी राकेश सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी सुदेश गुड्डू सोनी व मुकेश सोनी की माताश्रीमती राजकुमारी सोनी का मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे 84 वर्ष उम्र में बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया।



जानकारी अनुसार स्वर्गीय राजकुमारी सोनी कुछ माह पूर्व घर में ही गिर गई थी, जिससे उनकी तबीयत खराब चल रही थी। उनके तीनों पुत्रों राकेश, सुदेश, मुकेश व नाती-पोतों व बहुओं द्वारा उनकी लगातार सेवा के बावजूद भी अंततः वह मंगलवार की सुबह ब्रम्हलीन हो गई। उनके स्वर्गवास की खबर सुनकर उनके परिजनों, शुभचिंतकों व चाहने वालों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनकी अंतिम यात्रा वार्ड नं. 10 मस्जिद के पीछे स्थित उनके निज निवास से शाम 4 बजे निकाली गई। यह अंतिम यात्रा स्थानीय मोक्षधाम में पहुॅची। जहॉ पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में उनके पुत्रों द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई।

### भालवा, हट्टा में दुय्यम कव्वाली का मुकाबला भी होगा

## महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बोधिसत्व डॉ.बाबा साहब आंबेडकर जयंती समारोह आज



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राष्ट्रपिता महात्माज्योतिबा फुले एवं बोधिसत्व डा.बाबा साहब आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन सर्कल शाखा हट्टा में आज 24 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया है। यह समारोह दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया सर्कल शाखा भालवा तहसील किरनापुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं प्रमुख अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी/किरनापुर , सुश्री हिना कावरे पूर्व विधायक व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष म.प्र.शासन , दुर्गेश बिसेन पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालाघाट । समारोह की अध्यक्षता विनय मेश्राम सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सर्कल अध्यक्ष भालवा होगें। इसी प्रकार विशिष्ट तिथियों में हाजी शोहेब खान संयोजक बहुजन मुस्लिमत एकता मंच बालाघाट, संस्था के आर.के. कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश सचिव, एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष खुशियाल मेश्राम एवं देवानंद रंगारे तहसील अध्यक्ष, दुरेन्द्र सावनकर किरनापुर, बी.आर.रामटेके लांजी, के.के भालाधरे जिला सचिव , बी.एल.छल्लेकर जिला संघठक, प्रकाश बाहे सरपंच सुसवा, अंकेश्वरी अमृत राहंगडाले सरपंच भालवा, अमृत राहंगडाले पूर्व सरपंच भालवा, मुख्य वक्ता के रूप में मंजू किरण बौद्ध रायपुर, कंचनकला लांजेवार बामसेफ, सरोज मेश्राम समाजसेवी भिलाई उपस्थित होगें। इस अवसर पर कार्यक्रम के बाद कव्वाली का आयोजन होगा। जिसमें विकास राजा नागपुर व अश्विनी खोब्रागढे चंद्रपुर रेडिया एवं टीवी सिंगर द्वारा प्रस्तुती दी जावेगी। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जायेगें। मंच संचालन प्रभुराज खोबागढे कार्यालय सचिव भालवा द्वारा किया जावेगा। वही इस अवसर पर सभी से उपस्थिति की अपील योगराज पटले भालवा, डा.सुभाष चंद्र रंगारे, जितेन्द्र रंगारे व सामाजिक बंधुओं ने की है।

### ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता विषय पर ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत मंगलवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोज घोड़ेश्वर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता प्रारंभ कि गई, जिसमें प्रथम स्थान कुमारी मोनिका श्री पातरे, द्वितीय स्थान गीतिका विरूरकर व तृतीय स्थान महिमा लिल्हारे का रहा। इसके पश्चात वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रारंभ की गई तथा अंत में स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें प्रथम स्थान भाविता मर्सकोले रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ ही आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.स्वाति खोबरागड़े, समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा ।

## खबर संक्षेप

### रानी दुर्गावती शा. स्ना. महाविद्यालय, मण्डला में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में दिनांक 22 अप्रैल 2024 को विश्वपृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. विजेन्द्र चौरसिया ने महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों से आग्रह किया कि माँ पृथ्वी की हरित चुनरी का आकार बढ़ाने के लिए पौधारोपण करें एवं पौधो का पालन पोषण कर उन्हें वृक्ष बनाये। इस कार्यक्रम का संयोजन सुश्री रंजीता कमलेष द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. जे.पी. शिववंशी, सुश्री मनीषा सूर्या, श्रीमती मीनाक्षी मरकाम उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### अ.ज.जा. एवं अ.जा. की पोस्ट मैट्रिक व आवास छात्रवृत्ति के ऑन लाईन आवेदन विद्यार्थी तुरन्त करें

**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में अध्ययनरत अनसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति की पोस्ट मैट्रिक व आवास छात्रवृत्ति के ऑन लाईन आवेदन विद्यार्थियों ने नही किये है। अतः ऐसे समस्त विद्यार्थी तुरन्त ऑन लाईन आवेदन कर महाविद्यालय में आवेदन पत्र जमा करना सुनिश्चित करें।

### विश्व टीकाकरण सप्ताह का आयोजन 24 से 30 अप्रैल तक

**मण्डला।** विश्व टीकाकरण सप्ताह का आयोजन तीन चरणों में किया जाना है जिसका प्रथम चरण 24 से 30 अप्रैल 2024 तक आयोजित किया जाएगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत गतिविधि दिवसवार संचालित की जायेंगी। एच.एम.आई.एस. रिपोर्ट तथा यूविन पोर्टल पर उपलब्ध ओवरड्यू लिस्ट के आधार पर एम.आर.1 एवं एम.आर.2 के छूटे हुए समस्त बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। समस्त डिलेवरी प्वाइंट पर जन्मे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का पंजीयन यूविन पोर्टल पर सुनिश्चित किया जायेगा। एच.एम.आई.एस. रिपोर्ट के आधार पर 80 प्रतिशत से कम एफआईसी कवरेज वाले उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्राम एवं शहरी क्षेत्र के वार्ड में 24 एवं 25 अप्रैल 2024 को विशेष सत्र आयोजित कर 0 से 5 वर्ष तक के ड्रॉपआउट, लेफ्टआउट बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। माह अंत में आयोजित आंगनबाड़ी-आशा, सेक्टर मीटिंग के दौरान टीकाकरण, एम.आर. निर्मूलन से संबंधित एफ.ए.क्यू. के माध्यम से जानकारी प्रदाय की जायेगी।

### सूर्यकुण्ड धाम सहित पूरे जिले में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# जय श्री राम से गुंजायमान नगर

*** ब्रम्ह मुहूर्त से प्रारंभ हुई पूजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





प्रसिद्ध धाम सूर्यकुण्ड हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज मुख्य संचालक समिति ब्रम्हमूर्हत आरती सेवादार के द्वारा मंगलवार की प्रातः 3:45 ब्रम्हमूर्हत में हनुमान लला को विधि विधान से पूजन पाठ करते हुए चोला अर्पण किया गया। साथ ही मंदिर में उपस्थित सभी भक्तों के द्वारा स्पर्श वंदन लगाने का सौभाग्य मिला। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के चरण धुलाए गए और तिलक वंदन करते हुए पुष्पवर्षा के साथ अंग वस्त्र भेंट किया गया। आरती के बाद हनुमान लला को अनेक प्रकार के भोग लगाए गए यहां पर भक्तों में एक अलग तरह का उत्साह दिखा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान लला के मंदिर को अनोखे तरीके से साज सज्जा की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर यहां पर सुबह पहर से लेकर देर रात तक भक्तों का आना जाना लगा रहा जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण का कार्य भी किया गया। बता दें कि जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर में स्थित सकवाह ग्राम है जहां हनुमान लला अपने भक्तों को तीन स्वरूप में दर्शन देते हैं। जिसमें पहला बाल रूप, युवारूप और वृद्धरूप में हनुमान लला अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। मान्यता है कि यहां से कभी कोई निराश होकर नही लौंटा यू तो रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोग यहां दर्शन करने आते हैं लेकिन शनिवार और मंगलवार को यहां पर खासी भीड़ देखी जाती है। पुरूष ही नही महिलाएं भी यहां पर दर्शन करने आती हैं।

### भुआबिछिया में उत्साह से मनाई गई श्री हनुमान जयंती

कल सम्पूर्ण नगर सहित आस पास के ग्रामों में पवन पुत्र केसरी नंदन राम दूत हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया, नगर के सभी राम मंदिर हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा आराधना हनुमान चालीसा पाठ, सुन्दर काण्ड का पाठ हवन पुजन किया गया। राम मंदिर भुआ हनुमान मंदिर में सुबह से दोपहर बाद तक पुजन हवन किया गया और साम को 5 बेज से महिला मंडल राम मंदिर के द्वारा सामूहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया, बस स्टैंड स्थिति दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह पूजन हवन अनुष्ठान के बाद दिन में प्रसाद वितरण शाम को राम धुन का अयोजन कर भंडारा किया गया, श्री बट पीपल संकटमोचन हनुमान मंदिर बियर हाउस में श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रात्रि बारह बजे हलुआ मगजका भोग लगाकर केक का काटकर हनुमान बब्बा का जन्म दिन मनाया गया सुबह पुरोहित पंजू महाराज पुरुषोत्तम शुक्ला के मंत्रों पचार से हवन पुजन जजमान संतोष चौरसिया दारा पूजन हवन कर महाप्रसाद वितरण किया गया दोपहर में महिला मण्डल दारा भजन कीर्तन किया गया संध्या काल में श्री हनुमान जी की महाआरती सम्पन्न हुई। इसी तरह जांतीपुर हनुमान मंदिर में मन्दिर समिती द्वारा अयोजित कार्यक्रम कीए गए, नगर के मध्य तिराहे मे स्थापित हनुमान मंदिर में व्यापारियों के द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

राष्ट्रीय राज मार्ग ऐन एच 30 बिछिया मंडला मार्ग पर सिद्ध हनुमान नाला मंदिर में लगातर पुजन पाठ हवन किया ज रहा है अखंड रामायण पाठ चालीसा पाठ किया जा रहा है, इस तरह नगर मै हनुमान जयंती पर सभी जगह धूम मची हुई है।

श्रीराम भक्त वीर हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा गांधी गेट के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त श्रद्धालुजन, धर्म प्रेमियों प्रशाद गृहण किया।







# 24 घंटे में तीन स्वरूप बदलते श्री हनुमान

*** ग्राम सकवाह के नर्मदा तट पर स्थित है सूर्यकुण्ड धाम।**

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय से करीब तीन किमी दूर ग्राम सकवाह के सूर्य कुण्ड धाम में दक्षिण मुखी हनुमान जी स्थापित है। यहां नर्मदा तट में स्थित सूर्यकुंड धाम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं का तांता प्रतिदिन लगा रहता है। दूर-दूर से भक्त हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचते है। पूरे वर्ष भर सूर्यकुण्ड धाम में विविध धार्मिक आयोजन किए जाते है। सूर्यकुण्ड ग्राम सकवाह का एक छोटा सा मोहल्ला है, जहां आधा सैकड़ा से भी कम परिवार निवास करते है। वहीं ग्राम सकवाह के इस छोटे से क्षेत्र में स्थापित श्रीराम भक्त हनुमान की प्राचीन प्रतिमा विश्व विख्यात है।

जानकारी अनुसार मंडला से करीब तीन किमी दूर ग्राम सकवाह में श्रृद्धा और भक्ति का एक प्राचीन हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है, जिसे सूर्यकुण्ड के नाम से जाना जाता है। यहां पर हनुमान जी का एक प्राचीन मंदिर है। मंदिर में प्रतिष्ठित हनुमान जी की प्रतिमा के त्वचा का रंग अत्यंत ही दुर्लभ पत्थर से निर्मित है और उनकी आदमकद प्रतिमा रामायणकाल की घटनाओं का विवरण देती है। हनुमानजी का चेहरा आकर्षण और तेज लिए हुए है, जिससे दिव्यता और असीम शांति का अनुभव होता है। मंदिर में विराजमान हनुमान जी की इस दुर्लभ मूर्ति की खासियत यह है कि ये चौबीस घंटो में प्राकृतिक रूप से तीन बार अपना स्वरूप बदलती है।

पुजारी कुंज बिहारी उपाध्याय ने बताया कि यहां स्थापित हनुमान मंदिर की प्राचीन प्रतिमा 24 घंटे में 3 बार अपना स्वरुप बदलती है। सुबह 04 बजे से 10 बजे तक बाल स्वरुप, इसके बाद 10 बजे से शाम 06 बजे तक युवा स्वरुप इसके बाद शाम 06 बजे से पूरी रात वृद्ध स्वरुप में हनुमान जी नजर आते है। इनके दर्शन करने दूर-दूर से लोग आते है। आये दिन समितियों द्वारा यहां विविध धार्मिक आयोजन किए जाते है। वर्ष में दो बार हनुमान जयंती के साथ ही नर्मदा जन्मोत्सव, महाशिवरात्री, मकर संक्राति समेत अन्य पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

### बाढ़ में गुम हो गया सूर्य कुंड :

बताया जाता है कि 1926 के पहले यहां नर्मदा तट में एक कुंड स्थापित था, जिसे सूर्य कुंड के नाम से जाना जाता है। नर्मदा पूराण में भी नर्मदा के किनारे स्थापित चार कुंडों में से इस सूर्यकुंड को बताया गया है। कहा जाता है कि उक्त कुंड में भगवान सूर्य ने यज्ञ किया था। वहीं कुंड के पानी में दोपहर को भवन सूर्य की परछाई घोड़े व रथ के साथ दिखाई देती थी। सन 1926 में नर्मदा में आई बाढ़ में कुंड में कापू जम गई। जिसकी दिल्ली से पहुंचे भू सर्वेक्षण टीम द्वारा भी काफी तालाश की गई। लेकिन पता नहीं चला। धार्मिक मान्यताओं के चलते यहां श्रृद्धालुओं का जमघट लगा रहता है।

# पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें-डॉ. सिडाना

*** समय सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश।**

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि पेयजल के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें तथा पेयजल के संबंध में यदि कोई समस्या सामने आती हैं तो पीएचई विभाग से समन्वय कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण कराएं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग एवं आकिप खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि हेंडपंपों तथा नलजल योजनाओं में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराएं। किसी भी ग्राम-टोला में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नियमानुसार जल परिवहन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि हेंडपंप उत्खनन में लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराएं, उल्लंघन की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी टीएल प्रकरणों को समय पर निराकृत करते हुए पोर्टल पर उनकी एंट्री सुनिश्चित करें। विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत आवास के निर्माण कार्यों को समय में पूरा कराएं। संबंधित अमला कार्यों की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। राहत के प्रकरणों का समय सीमा में नियमानुसार निराकरण करें। उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खरीदी के साथ परिवहन भी जारी रखें। साथ ही किसानों के भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही संपादित करें। संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शीघ्र ही छात्रवृत्ति का शतप्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी क्षमता से बेहतर कार्य करते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें। न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करें।

## अचानक आए आंधी तूफान से अस्त-व्यस्त हुई व्यवस्था

*** विद्युत आपूर्ति बंद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कल दिन भर तेज धूप तपिश भरी गर्मी और शाम को आंधी तूफान बिजिली के साथ अंधा धुंध पानी गिरा वही कही कही ओले भी गिरे आंधी इतनी तेज थी कि विद्युत आपूर्ति बंद हो गई दुकानों के ऊपर के फ्लेक्स बोर्ड पाल परदे उड़ गए, और 6:45 के बाद आंधी तूफान पानी जो प्रारंभ हुआ लगातार जारी है अचानक आया आंधी तूफान और पानी से लोगों को पता ही नहीं चला और हवा तूफान पानी चालू हो गया। हनुमान जयंती के कारण अनेकों जगह राम धुन भंडारे की कार्यक्रम चल रहे थे ऐसे समय में पानी आना आंधी चलना पुरे कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त कर दिया।

**निरीक्षण** | कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण।

# अनुपस्थित चिकित्सकों पर कार्यवाही करने के निर्देश

*** क्या चिकित्सकों पर होगा कोई असर?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मंगलवार की शाम को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग एवं आकिप खान, कार्यपालन यंत्री पीआईयू जीपी पटले, सिविल सर्जन विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने कहा कि चिकित्सकों सहित सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर जिला चिकित्सालय में उपस्थित रहते हुए सेवाएं प्रदान करें। अनुपस्थिति अथवा लापरवाही की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने लगातार अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर राधा चतुर्वेदी की सेवा समाप्ति का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने तथा अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सिविल सर्जन सहित सभी स्वास्थ्य अमला अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें। जिला चिकित्सालय के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें।

### मरीजों एवं परिजनों से लिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिडाना ने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों तथा उनके परिजनों से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ की उपस्थिति, दवाईयों की उपलब्धता, ब्लडबैंक एवं पेथोलॉजी सुविधा, भोजन व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने मरीजों को संतुलित आहार तथा स्वच्छ पानी पीने की सलाह दी।

### सुधार एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी सहित विभिन्न वार्डों में किए गए रेनोवेशन कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष बचे हैं उन्हें जल्द पूरा करें। वार्डों में थीम पर आधारित पेंटिंग कराएं। आईसीयू यूनिट जल्द प्रारंभ करें। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का भी अवलोकन करते हुए कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

### विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शिशु वार्ड तथा जनरल वार्ड के रेनोवेशन के लिए विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन वार्डों के लिए फर्श में सुधार, बिजली, रंग, शौचालय, पेयजल तथा रंगाई आदि के कार्यों को योजना में शामिल करें। प्रतीक्षालयों में परिजनों के बैठने के लिए कुर्सी की संख्या बढ़ाएं।

# बिछिया महाविद्यालय में मनाया विश्व पुस्तक दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में अंतरराष्ट्रीय पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राजेश्वरी मरकाम के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के ग्रंथपाल ओम प्रकाश झारिया ने विद्यार्थियों को बताया कि इसकी शुरुआत 1995 में यूनेस्को के द्वारा 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा के साथ ही हुई। इसके पूर्व इटली में 23 अप्रैल को *सेंट जॉर्ज डे* की उपलक्ष्य में लोग एक दूसरे को फूल एवं पुस्तक भेंट करते थे इसी को मान्यता प्रदान करते हुए यूनेस्को ने इस दिवस का चयन किया। सन 2024 में इसके 30 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, वर्ष 2024 के लिए यूनेस्को की थीम *Read Your Way* अर्थात अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ें, जिसमें आपको आनंद आता है, ऐसी किताबें पढ़ें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर मरकाम ने विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा के विषय में अवगत कराया तथा एक शोध कार्य, प्रोजेक्ट आदि में मौलिक कृति के महत्व को समझाया। अनिल कुमार पढ़ने सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने विद्यार्थियों को पुरखा, पुरस्कार एवं पुस्तक से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि पुरस्कार निश्चित समय के लिए ज्ञान देता है, पुरखा एक पीढ़ी का ज्ञान देते हैं, परंतु एक पुस्तक कई पीढियां का ज्ञान संजोए रखते हैं। अतः हमे इन तीनों पुरस्कार, पुरखा और पुस्तक का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक दिनेश कुमार चित्रीव ने विद्यार्थियों को बताया की यदि आप पुस्तकों को अपनाते हैं, तो पुस्तक आपको एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाती है। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक सुखदेव सिंह वरकड़े ने किया। कार्यक्रम में डॉक्टर अशोक कुमार बघेल, डॉक्टर रेखा पटेल, सौरभ सोनी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शर्मनाक - रेलवे और एमपीआरडीसी विभाग ने नहीं दिया ध्यान

# क्षतिग्रस्त ओवर ब्रिज की ग्रामीणों ने की मरम्मत!

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

क्षेत्र की मायॅल नगरी तिरोड़ी में रेलवे स्टेशन के पास मुख्य सड़क मार्ग पर तिरोड़ी से पीपरवानी सड़क मार्ग को जोड़ने के लिए रेलवे और म.प्र.सरकार के उपक्रम मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के द्वारा मिलकर बनाया गया सड़क ओवर ब्रिज धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रहा था. इस ओवर ब्रिज पर बनी सड़क कई इंच तक नीचे की ओर धसक गई थी. जिस कारण वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही थी जबकि नए वाहन चालक अनजाने में सड़क हादसे का शिकार हो रहे थे. ग्रामीणों ने इस ब्रिज की मरम्मत कराने की मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से की थी लेकिन अफसरों ने ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर दिया. जिसके बाद मंगलवार को स्थानीय रहवासियों ने स्वयं के व्यय से ब्रिज की मरम्मत की है ताकि सड़क हादसों पर किसी तरह से अंकुश लगाया जा सकें. ग्रामीणों की यह पहल शानदार है और इसकी प्रशंसा भी हो रही है. मगर, विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की इस पहल पर शर्म आनी चाहिए. क्योंकि ग्रामीणों ने जो काम किया. यह काम उनका नहीं बल्कि विभाग का था।



उल्लेखनीय है कि रेलवे और एमपीआरडीसी ने आनन-फानन में सड़क ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया था. जब इसका निर्माण चल रहा था तभी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े किए गए थे लेकिन तब ना तो रेल विभाग और ना ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों के कानों में जूं रेंगी और ना ही आज अधिकारी ओवर ब्रिज की हालत को लेकर गंभीर है. ज्ञात रहे कि इस पुल से हर दिन करीब 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है. जिसमें यात्री बसों से लेकर मालवाहक वाहन शामिल है. इसके अलावा यह मार्ग पठार अंचल के कई गांवों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है जिस कारण दिन भर आवाजाही बनी रहती है. ऐसे में अगर यह ब्रिज अचानक से क्षतिग्रस्त होता है तो बड़ा हादसा हो सकता है. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता. बीते दिनों जब ओवर ब्रिज की हालत इसी तरह से खराब हुई थी तब एमपीआरडीसी ने ब्रिज की दोनों ओर की सड़क की मरम्मत करवाने के नाम पर लीपापोती कर दी थी।

## निर्वाचन आदेशों की अवहेलना और वाहन पोर्टल अनदेखी करने पर एक निलंबित, 2 की वेतन वृद्धि रोकी 4 को शोकॉज जारी

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन कार्य में संलग्न किये गए शासकीय सेवको द्वारा आदेशों की अवहेलना और निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य की अनदेखी करने के मामलें में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने 7 शासकीय सेवकों पर कार्यवाही की है। इसमें एक को निलम्बित किया गया है। जबकि 2 की असंचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए है। इसी तरह 3 शासकीय सेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पत्र जारी कर 3 दिनों में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के सहायक ग्रेड-3 शंकर सेवइवार को 28 मार्च को आयोजित हुए प्रशिक्षण के लिए आदेशित किया गया था। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने का समय दिया गया था। उन्होने अपने जवाब में 7 मार्च से कुल 30 दिन का चिकित्सा प्रमाण पर संलग्न कर बेड रेस्ट करने का उल्लेख किया। लेकिन 26 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 40 दिन का अर्जित अवकाश लिया गया था। फिर 26 को मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि चुनाव के कार्य से विमुक्त रहने के लिए अवकाश लिया गया है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आरपी एक्ट 1951 की धारा-134 के दंड के फलस्वरूप मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के उपनियम (1) (2) (3) के विपरीत आचरण पाए जाने पर मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 का उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

इनके अलावा श्रीमती प्रतिभा पटेल और बाखरू सिंह धुर्वे द्वारा भी मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित होकर आदेश की अवहेलना की। प्रतिभा पटेल ने स्वास्थ्य खराब होने से चिकित्सा अवकाश लिया गया। दोनों ही द्वारा अवकाश के लिए मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया। दोनों प्रकरणों में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के उपनियम (1)(2)(3) के विपरीत आचरण किये जाने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के कारण एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

## बिरसा के छात्रावास में छात्रा का फांसी पर लटका मिला शव

**बालाघाट।** शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास बिरसा में शुक्रवार को एक छात्रा का फांसी पर लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने सरवंती पति श्यामसिंह मरकाम 33 वर्ष ग्राम बीजाटोला मंडई की सूचना पर शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार, भूमेश्वरी पिता श्यामसिंह मरकाम 17 वर्ष ग्राम बीजाटोला मंडई निवासी है, जो कक्षा बारहवीं की छात्रा थी और छात्रावास बिरसा में रहकर पढ़ाई कर रही थी।



गुरुवार को दोपहर 12 बजे अनिल कुशरे ने छात्रा को अपने ग्राम रेहंगी कटिया नाला में बेटे के बारसा कार्यक्रम में 7 लेकर गया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद विजय कुशव नीलेश अड़में ने रात्रि लगभग 11 से 12 बजे के बीच छात्रावास के सामने छोड़ा दिया। शुक्रवार को छात्रावास में पीछे के गेट वाले किचन के कमरे में छात्रा दुपट्टे के जरिए फंदे से लटकी दिखी। बताया गया कि छात्रा 20 अप्रैल तक छात्रावास से अ व का श लेकर रखी थी। ऐसे में उसने छात्रावास के किचन वाले कमरे में ही फांसी क्यों लगाई मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस ने बताया कि शव का 7 पंचनामा कार्रवाई पूरी की। शव का 7 पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप मर्ग कायम किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रूपराम झारिया कर रहे है।

## कक्षा 5वीं में बिरसा एवं कक्षा 8वीं में लांजी का रहा सर्वोत्तम प्रतिशत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 कक्षा 5वीं एवं 8वी बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा मंगलवार को घोषित किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के डीपीसी डॉ. महेंश शर्मा ने बताया कि जिले में कक्षा 5वीं बोर्ड की परीक्षा में 26588 छात्र सम्मिलित हुए थे जिनमें से 25025 छात्र उत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 94.22% रहा तथा कक्षा 5वीं में प्रदेश में जिले का स्थान 18 वां रहा। इसी तरह कक्षा 8वीं में 26550 छात्र सम्मिलित हुए जिनमें से 24136 छात्र उत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 90.91% रहा। वहीं कक्षा 8वीं में प्रदेश में जिले का स्थान 19वां रहा।

### जिले के विकासखंडों में कक्षा 5वीं का ऐसा रहा परिणाम

कक्षा 5वीं बोर्ड की परीक्षा में बिरसा ब्लॉक में 2904 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 2843 ने सफलता प्राप्त की। ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 97.90 प्रतिशत रहा। इसी तरह ब्लॉक लांजी परीक्षा में शामिल हुये विद्यार्थी 3274 सफल हुये 3201 व परीक्षा परिणाम 97.77 प्रतिशत, बैहर में शामिल हुये विद्यार्थी 2113 सफल हुये 2037 व परीक्षा परिणाम 96.40 प्रतिशत, बालाघाट में शामिल हुये विद्यार्थी 3852 सफल हुये 3699 व परीक्षा परिणाम 96.03 प्रतिशत, परसवाड़ा में शामिल हुये विद्यार्थी 1878 सफल हुये 1789 व परीक्षा परिणाम 95.26 प्रतिशत, कटंगी में शामिल हुये विद्यार्थी 2619 सफल हुये 2425 व परीक्षा परिणाम 92.59 प्रतिशत, वारासिवनी में शामिल हुये विद्यार्थी 2638 सफल हुये 2430 व परीक्षा परिणाम 92.12 प्रतिशत, किरनापुर में शामिल हुये विद्यार्थी 2636 सफल हुये 2420 व परीक्षा परिणाम 91.81 प्रतिशत, लालबर्रा में शामिल हुये विद्यार्थी 2641 सफल हुये 2420 व परीक्षा परिणाम 91.63 प्रतिशत तथा खैरलांजी ब्लॉक में 2033 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 1786 ने सफलता प्राप्त की एवं ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 87.85 प्रतिशत रहा। इस तरह जिले में कक्षा 5वीं बोर्ड में कुल 26588 विद्यार्थियों शामिल रहे। जिसमें 25050 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की तथा जिले में 5वीं का कुल परीक्षा परिणाम 94.22 प्रतिशत रहा।



### कक्षा 8वीं का परिणाम इस तरह रहा

बिरसा ब्लॉक में शामिल हुये विद्यार्थी 2655, उत्तीर्ण 2511 परीक्षा परिणाम 94.58 प्रतिशत, लांजी में शामिल हुये विद्यार्थी 3256 उत्तीर्ण 3102 परीक्षा परिणाम 95.27 प्रतिशत, बैहर में शामिल हुये विद्यार्थी 1932 उत्तीर्ण 1741 परीक्षा परिणाम 90.11 प्रतिशत, बालाघाट में शामिल हुये विद्यार्थी 4052 उत्तीर्ण 3604 परीक्षा परिणाम 88.94 प्रतिशत, परसवाड़ा में शामिल हुये विद्यार्थी 1818 उत्तीर्ण 1678 परीक्षा परिणाम 92.30 प्रतिशत, कटंगी में शामिल हुये विद्यार्थी 2740 सफल हुये 2494 व परीक्षा परिणाम 91.02 प्रतिशत, वारासिवनी में शामिल हुये विद्यार्थी 2692 सफल हुये 2438 व परीक्षा परिणाम 90.56 प्रतिशत, किरनापुर में शामिल हुये विद्यार्थी 2634 सफल हुये 2379 व परीक्षा परिणाम 90.32 प्रतिशत, लालबर्रा में शामिल हुये विद्यार्थी 2706 सफल हुये 2408 व परीक्षा परिणाम 88.99 प्रतिशत तथा खैरलांजी ब्लॉक में 2065 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 1781 ने सफलता प्राप्त की एवं ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 86.25 प्रतिशत रहा। इस तरह जिले में कक्षा 8वीं बोर्ड में कुल 26550 विद्यार्थियों शामिल रहे। जिसमें 24136 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की तथा जिले में 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 90.91 प्रतिशत रहा।

## पूर्व विधायक सरस्वार का अनुभव हम जैसों के लिये प्रेरणा का काम करता है : अनुभा मुंजारे



### आप सबका स्नेह सरस्वार परिवार पर ऐसा ही बना रहे : अशोक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार के 22 अप्रैल को 83वें जन्मदिन पर उनके शुभचिंतकों द्वारा उनके निवास स्थान पर स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में सामान्य कार्यक्रम के तहत मनाया गया। जिसमें बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्ञानचंद बाफना, प्रकाश चतुरमोहता, पूर्व विधायक की धर्मपत्नी, पुत्रवधु एवं उनके पुत्र लोकसभा के उम्मीदवार सम्राट सिंह सरस्वार के साथ कांग्रेस पार्टी संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील पालीवाल, कैलाश साहू, पूर्व पार्षद संतोष जैन, पूर्व पार्षद अशोक सिंह बैस, महिला कांग्रेस संयोजक श्रीमती अंजू जैसवाल, ब्राडग्रेज संघर्ष समिति के प्रमुख अनूपसिंह बैस, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहीम खान, जुगल शर्मा, शेषराम रांहगडाले, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी,सुखदेव मुनि कुतराहे ,चिनुराव , पार्षद पन्ना शर्मा, पार्षद डहरवाल पूर्व पार्षद कल्लू सोनी, अभय मोदी, पूर्व पार्षद अल्लारखा, प्रदेश सचिव शमीम सिद्दिकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक शुभचिंतक एवं महिला कांग्रेस के पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। जहां पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने अपने संक्षिप्त सारगर्भित सम्बोधन में कहा कि जबसे मैं जिले की राजनीति में सक्रिय हुई हूं तब से ही मुझे दादा सरस्वार का आशीर्वाद मिलता रहा है, भले ही हम लंबे समय से अलग अलग राजनीतिक दलों से सक्रिय रहे पर हमारे बीच मान सम्मान, स्नेह हमेशा बना रहा। राजनीति में उनकी ईमानदारी के चर्चे बालाघाट से लेकर भोपाल तक अकसर हम अपने वरिष्ठों से सुनते रहते है। उनका राजनीतिक अनुभव हमारे लिये प्रेरणा का काम करता है। ईश्वर ने चाहा तो 04 जून को उनका पुत्र सांसद के रूप में फिर सरस्वार परिवार की राजनीति के गौरव को ऊंचा करेगा। जिस तरह से कांग्रेस के सभी 8 विधानसभा सीट में नेता व कार्यकर्ता ने अपनी टीम वर्क के साथ योगदान दिया निश्चित ही हम चुनाव जीतने में सफल होगें। पूर्व विधायक अशोक सरस्वार ने संक्षिप्त में अपनी जीवनयात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस जिले की जनता ने हमारे परिवार को जो मानसम्मान स्नेह दिया है उसके प्रति हम सदैव ऋणी रहेगें। मैं यही अपेक्षा करता हूँ कि आप सबका यह स्नेह हमारे परिवार पर हमेशा बना रहे। जबकि कांग्रेस नेता सुशील पालीवाल, रहीम खान, अनूप बैस ने भी पूर्व विधायक के सम्मान में विचार प्रकट करते हुए उन्हें राजनीति में एक आदर्श व्यक्ति की संज्ञा देते हुए कहा कि उनसे हमें अपने जीवन में सीखने के लिये बहुत कुछ प्रेरणा मिली है। उनकी कार्यप्रणाली की पारदर्शिता ईमानदारी का कोई सानी नहीं है हम उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते है। कार्यक्रम का संचालन श्याम पंजवानी द्वारा किया गया।

## करंट लगने से मजदूर की मौत, ग्राम हथोड़ा की घटना

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम हथोड़ा में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है. यह घटना सोमवार की देर रात की है. मृतक की शिनाख्त सोनू केवट निवासी ग्राम थानगांव तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर के रूप में की है. यह मजदूर सेंटर ड्रिलिंग का काम करने के लिए ग्राम हथोड़ा में एक निजी कंपनी के जरिए आया था. मिली जानकारी सोमवार की शाम बारिश होने के कारण काम बंद था लेकिन मजदूर खेत के रास्ते कार्य स्थल की तरफ जा रहे थे. इस दौरान श्रीराम भैरम के खेत में बिछाए गए करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई. रात्रि में मजदूर के शव को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया और पुलिस सहित मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई. मंगलवार की सुबह तिरोड़ी पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पीएम करवाने के बाद शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया है. बता दें कि मृतक की माता-पिता थानगांव से मृतक का शव लेने के लिए कटंगी आए थे. वहीं इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. इस घटना के बाद कंपनी ने मृतक के परिजनों को मुआवजा प्रदान करने का भरोसा दिया है।



उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणियों से फसलों की सुरक्षा और कई बार वन्य प्राणियों के शिकार के लिए खेतों में करंट बिछाया जाता है. वनों से सटे ग्रामीण इलाकों के खेतों में खेत मालिका आमतौर पर वन्य प्राणियों से फसलों को बचाने के लिए इसी तरकीब का इस्तेमाल करते है. कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में जंगल से सटे गांवों में खेतों में बिछाए जाने वाले करंट से जहां कई बार वन्य प्राणियों की मौत होती हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह खेतों फैलाए जाने वाले करंट से लोगों की भी मौत भी हो रही है. फसल बचाने के लिए किसानों के इस प्राणघातक तरीके पर अंकुश लगाने का कोई भी गंभीर प्रयास प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है. हथोड़ा की घटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है. किसान ने भले ही वन्य प्राणियों से फसल को बचाने के लिए खेत में करंट लगाया हो लेकिन इस करंट से एक मजदूर की मौत हो गई।

## मॉयल मुख्यालय में अम्बेडकर जयन्ती पर स्नेह भोज का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनी रत्न सरकारी उपक्रम के सभी खदानों में भारत रत्न शिक्षाविद् डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की 133वीं जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। जहां आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिये गये योगदान का स्मरण किया गया इसी तारतम्य में नागपुर मुख्यालय में मॉयल कामगार संगठन के एससी/एसटी/ ओबीसी समिति ने मॉयल मुख्यालय में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी के मुखिया अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे जहां उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर माला अर्पित कर उनके प्रेरणा दायक जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं निदेशक वाणिज्य सुश्री रश्मि सिंह, निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह, मॉयल कामगार संगठन के महामंत्री रामअवतार देवांगन के साथ विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकों द्वारा भी डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जबकि मॉयल कामगार संगठन शाखा के विभिन्न पदाधिकारी विशाल निम्बालकर महासचिव, उनकी पूरी टीम के साथ रमेश पाटिल सचिव एससी/एसटी समिति, प्रियांकांत पंवार अध्यक्ष एमकेएस, श्रीमती विशानजनी जम्बुलकर, अंजली बुलादे, अरूण चिवडे, समा खोब्रागढे, हेमलंता साकरे, विशालजी पनासकर, अफरोज अख्तर, अनिल घरडे इत्यादि की उपस्थित प्रमुख थी। स्नेह भोज के इस कार्यक्रम में मॉयल भवन में कार्यरत सभी कर्मचारी, अधिकारी व अन्य ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## अर्जुननाला में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**कटंगी।** कटंगी शहर के अर्जुननाला में स्थित ऐतिहासिक धम्म भूमि बौद्ध विहार में 22 अप्रैल की शाम संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती मनाई गई. जयंती समारोह में महापुरूषों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बाल कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. जिला बौद्ध संघ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े की अध्यक्षता में जयंती समारोह का आयोजन हुआ. पंचशील महिला मंडल बौद्ध विहार समिति अर्जुननाला की ओर से जयंती समारोह का आयोजन करवाया गया है. जिसमें पूर्व नपा उपाध्यक्ष योगेन्द्र रांहगडाले, देवानंद मेश्राम, संतोष बंसोड़, विशेष अतिथि रहे. इनके अलावा योगराज ठाकरे, रामसिंह नागेश्वर, दिनेश कोहरे, आंनद सहारे, हिरालाल मात्रे, सतीश सोनी जगत मेश्राम, हरिलाल खरोले बतौर अतिथि के रुप में शामिल हुए।

## तुम रक्षक काहू को डरना : प्रखंड में उत्साह उमंग के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त संकट मोचन हनुमान जी की जयंती मंगलवार को समूचे प्रखंड में बेहद धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई. शहर से लेकर गांवों के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा आराधना का दौर शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा. राम भक्त हनुमान जी के भक्तों ने सुबह ही मंदिर पहुंचकर विधि विधान से मूर्ति को चोला अर्पित किया. शहर के हनुमान मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही. वहीं पूरा दिन मंदिर में हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे. हनुमान मंदिरों में विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए. भक्तों ने हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाया कई जगहों भंडारे के आयोजन भी किए गए. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद खाया. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ के अलावा भजन संध्या आदि के आयोजन भी किए गए. हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया.



**इन स्थानों पर हुई विशेष पूजाः** नगर के सतारा रोड शीतला माता हनुमान मंदिर, सिवनी रोड संकट मोचन हनुमान मंदिर, काली मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजन किया. सिद्ध स्थल हनुमान बाड़ी मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की कतार संकट मोचन की आराधना के लिए लगी दिखाई दी. वारासिवनी रोड परसाडीटोला, हीवर टोला वारासिवनी रोड, रामनगर मंदिर, मुंदीवाड़ा हनुमान मंदिर, अर्जुननाला हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया. वहीं शाम में तमाम हनुमान मंदिरों में वीर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार और कीर्तन का कार्यक्रम किया गया. हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर धार्मिक जनों ने अपने घरों में भी सुंदर कांड और रामचरित मानस पाठ के आयोजन किए।

**हनुमान बाड़ी में भजन कार्यक्रम आयोजितः** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में स्थित हनुमान बाड़ी में पुरा दिन भजन कीर्तन जारी रहा है. यहां पर नगर के समस्त हनुमान भक्तों ने आकर पूजा अर्चना की एवं कार्यक्रम में हिस्सा लिया. मंगल भवन अमंगल हारी, लाल देह लाली लसे की गूंज पूरा दिन मंदिर परिसर के आस-पास गूंजती सुनाई दी. मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हनुमान जी को भोग लगाया गया. मंदिर के पुजारी एवं व्यवस्थापक की देखरेख में हनुमान जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ. यहां नगर की भजन मंडली की ओर से धार्मिक अनुष्ठान में सामूहिक सुंदरकांड व भजन-कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन हुए।

## शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है। उन्होंने मध्यस्थता के लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होती है। श्री गुर्जर ने सायबर स्टॉकिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इससे सबसे अधिक पीड़ति महिला एवं बच्चें होते है। सायबर स्टॉकिंग का अपराध करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354डी एवं प्रौद्योगिक अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।



शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेंद्र मोहन धुर्वे ने कहा कि तकनीकी विकास ने आधुनिक जीवन शैली को बदल दिया है। समय के साथ इंटरनेट का प्रयोग आम जीवन में बढ़ता जा रहा है। हमारी छोटी सी चूक सायबर अपराधियों के लिए डेटा चोरी के द्वार खोल सकती है। सायबर अपराधी हमारे पैसे चुरा सकते है हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकते है। अधिकांश सायबर अपराध मानवीय लापरवाही के कारण होते है। इसलिए सायबर सुरक्षा जागरूकता आवश्यक है। बच्चों को मोबाईल एवं ऑनलाईन संसाधनों का उपयोग बहुत सावधानी पूर्वक करना चाहिए।

असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सुश्री प्रियंका शुक्ला द्वारा डिफेंस काउंसिल योजना के संबंध में उपस्थित छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम व दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास की अधीक्षिका, शिक्षिका एवं पैरालीगल वालेन्टियर सुश्री कमर सुल्ताना व छात्राएँ उपस्थित रहें।